**फा.सं. पी-11015/1/2021-पीपीसी**
**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)**

नई दिल्ली, दिनांक 19 अगस्त, 2021

विषय: जुलाई 2021 माह के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर मंत्रिमंडल को सारांश (संख्या -7)।

जुलाई 2021 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

**1. नोवेल कोरोना वायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संबंध में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई।**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कोविड-19 महामारी के दौरान, लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता, उचित व्यवहार परिवर्तन और केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों /संघ राज्य क्षेत्र, सोशल मीडिया आदि सहित प्रमुख हितधारकों के साथ समन्वित अभियान पर जोर देते हुए संचार और जागरूकता पैदा करने में सबसे आगे रहा है।

1.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने **व्यापक रूप** से कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख घटनाओं को **कवर किया**:

(i) **दिनांक 01.07.2021 को माननीय उपराष्ट्रपति का राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर टीके की झिझक को दूर करने की आवश्यकता पर संबोधन और माननीय प्रधानमंत्री द्वारा डॉक्टरों को बधाई और संबोधन;**

(ii) **कोविन ग्लोबल कॉन्क्लेव में माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन** और दिनांक 05.07.2021 को **विश्व स्तर** पर **कोविन (CoWin) को ओपन सोर्स बनाना;**

(iii) माननीय **प्रधानमंत्री की** दिनांक 13.07.2021 को कोविड की स्थिति पर **पूर्वोत्तर राज्यों** के **मुख्यमंत्रियों के** साथ और दिनांक 16.07.2021 को कोविड की स्थिति पर चर्चा करने के लिए **छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के** साथ बातचीत;

(iv) **"भारत कोविड 19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज: चरण II"** को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 08.07.2021 को **23,123 करोड़ रुपये की** लागत से अनुमोदित किया गया;

(v) माननीय प्रधानमंत्री की दिनांक 09.07.2021 **को ऑक्सीजन के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ावा देने के उपायों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक;**

(vi) माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिनांक 13.07.2021 **को हिल स्टेशनों और बाजारों में भारी भीड़ पर चिंता** व्यक्त की और **लोगों से कोविड उपयुक्त व्यवहार का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया**; तथा

(vii) दिनांक 25.07.2021 को ***मन की बात के*** माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन जिसमें आगामी त्योहारों के दौरान लोगों से सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया गया।

1.2 **सूचना, संचार, और जन जागरूकता पर अधिकार प्राप्त समूह-5** ने जुलाई 2021 में दो बैठकें आयोजित की। इन बैठकों में कोविड-19 उचित व्यवहार और टीकाकरण अभियान पर संचार को मजबूत बनाने पर और युवा आबादी तक पहुंचने के लिए रणनीतियों पर विशेष बल दिया गया।

1.3 लोक सेवा प्रसारक **प्रसार भारती** ने **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार एककों (आरएनयू) के माध्यम से विशेष प्रोग्रामिंग द्वारा सरकार की कोविड-19 पहल का प्रसार और संवर्धन किया है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचारों को विशेष रूप से लोगों को **कोविड उपयुक्त व्यवहार** का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने**, वैक्सीन हिचकिचाहट** को दूर करने, बीमारी से निपटने के लिए **सरकार द्वारा किए गए उपायों**, **18+ के लिए उदारीकृत मुफ्त टीकाकरण अभियान** और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कोरोनावायरस संबंधी प्रतिबंधों को हटाने और अनलॉक करने पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रसारित किया गया है। डीडी न्यूज ने आम जनता **तक पहुंचने और डर को दूर करने, प्रश्नों और जिज्ञासाओं को दूर करने के लिए विशेष प्रयासों** पर बल दिया। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों को **कोविड उपयुक्त व्यवहार** का सख्ती से पालन करने का **आहवान** करने वाले **संबोधनों** का **सीधा** प्रसारण किया जा रहा है और बाद में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से इसे बढ़ाया जा रहा है।

i) **डीडी न्यूज** ने **कोविड-19 पर प्रोटोकॉल, टीकाकरण और प्रबंधन** पर विशेष ध्यान देने और **टीके की झिझक** को दूर करने के साथ समाचारों का प्रसारण और प्रसार जारी रखा। कई **विशेष कार्यक्रमों** का प्रसारण किया गया जैसे कि **'डॉक्टर्स स्पीक'** पर लाइव फोन-इन्स के 31 एपिसोड, **'आरोग्य भारत'** और **'टोटल हैल्थ' के प्रत्येक के** 05 एपिसोड, सकारात्मक कहानियों और लाइव चर्चाओं पर दैनिक कार्यक्रम **'कोरोना से जंग जीतेंगे हम' के** 16 एपिसोड , **डॉक्टर्स चैट कोविड सीरीज** , **बायो-क्वेस्ट** , **न्यूज नाइट** आदि, सभी को सोशल मीडिया हैशटैग **#Unite2FightCorona के** माध्यम से **बढ़ाया है।**

ii) **एनएसडी एआईआर ने राष्ट्रीय/ राज्य कोविड हेल्पलाइन नंबरों**, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय /आईसीएमआर के **परामर्शों**; उपचार सुविधाएं; मेड-इन-इंडिया टीकों की सुरक्षा और प्रभावकारिता के बारे में **आशंकाओं को दूर करना** और कोरोनावायरस और **म्यूकॉरमायकोसिस** पर **संदेह दूर करने**, प्रख्यात डॉक्टरों की विशेषज्ञ सलाह; **ग्राउंड रिपोर्ट** का प्रसारण और **इन्फोग्राफिक्स का विस्तार***,* शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों और आम जनता के 30 लाइव फोन-इन **'कोरोना जागृता' श्रृंखला,** आदि पर केंद्रित कवरेज के प्रसारण पर विशेष बल दिया।

iii) **विशेष कोविड-19 समग्र समाचार बुलेटिन; कोविड जन आंदोलन**

iv) इन्फोग्राफिक्स / वीडियो / मिथ-बस्टर्स / एक्सपर्ट स्पीक / पब्लिक स्पीक / साउंड बाइट्स/ फेक न्यूज अलर्ट/ पॉजिटिव स्टोरीज/ एफएक्यू/ पॉडकास्ट

1.4 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **दैनिक कोविड-19 बुलेटिन और इन्फोग्राफिक्स** जारी किए**, प्रेस वार्ता** आयोजित की**,** स्वास्थ्य मंत्रालय/ आईसीएमआर/ माईगॉव द्वारा जारी किए गए **ग्राफिक्स का** प्रचार किया, सरकार द्वारा की गई **सकारात्मक कार्रवाई का** प्रसार किया और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिट्स** ने गलत सूचनाओं पर नजर रखी है**।** पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **8314 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं**।** पीआईबी के 1414 ट्वीट्स (अंग्रेज़ी) ने 37.4 मिलियन इंप्रेशन और 23.1 हजार नए फॉलोअर्स अर्जित किए और पीआईबी के 1127 ट्वीट्स (हिंदी) ने जुलाई 2021 में 4.59 मिलियन इंप्रेशन और 5.9 हजार नए फॉलोअर्स अर्जित किए।

1.5 लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) के क्षेत्रीय/ फील्ड लोक संपर्क ब्यूरो (आरओबी/एफओबी) ने प्रमुख स्थानों पर **कोविड-19 के** विभिन्न **पोस्टर लगाए** और **डिजिटल वीडियो वैन के** माध्यम से **सभी** के **लिए मुफ्त टीकाकरण** और अन्य सरकारी योजनाओं **के बारे में जागरूकता का सृजन** करके देश के विभिन्न हिस्सों में दूर-दराज के क्षेत्रों सहित लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की**।** बीओसी ने प्राइवेट एफएम स्टेशनों के माध्यम से **रेडियो अभियान** भी चलाया । बीओसी के आरओबी/एफओबी ने भी **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से** कोविड-19 और टीकाकरण **अभियान के** विषयों पर **जागरूकता अभियान चलाया, जो निम्नानुसार हैं**:

| **फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या** | **ट्वीट्स और री-ट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ)** | **व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या** | **इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या** |
|---|---|---|---|
| 27255 | 67180 (1019183) | 99276 | 8919 |

1.6 जुलाई 2021 में बीओसी के आरओबी/ एफओबी ने **सभी के लिए मुफ्त टीकाकरण, योग और कोविड की रोकथाम**, मानसिक स्वास्थ्य, टोक्यो ओलंपिक, डिजिटल मीडिया आचार संहिता 2021 आदि जैसे मुद्दों पर **87 वेबिनार**, 14 मिनी एकीकृत संचार एवं लोक संपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 11 छोटे आईसीओपी और 11 विशेष लोक संपर्क कार्यक्रमों (एसओपी) का **आयोजन किया।** पीआईबी और इसकी क्षेत्रीय/ शाखा कार्यालयों ने भी उपरोक्त मुद्दों पर **55 वेबिनार** पर सहायता की है।

1.7 एनएमडब्ल्यू द्वारा **सोशल मीडिया** पर कोविड-19 के आंकड़ों, टीकाकरण अभियान, प्रबंधन के प्रयासों, मिथकों बनाम तथ्यों, व्यवहार परिवर्तन संचार के लिए हास्य का उपयोग आदि के लिए **व्यापक कवरेज** प्रदान किया गया था । जुलाई 2021 में **समर्पित ट्विटर हैंडल @CovidNewsByMIB** से लगभग **1203 ट्वीट** पोस्ट किए गए थे जिसमें **206.3 हजार फॉलोअर्स हैं**, जो ट्विटर यूजर्स की टाइमलाइन में लगभग **25.2 मिलियन** बार सामने आया है ।

1.8 केंद्र सरकार के मीडिया संगठनों और पांच दक्षिण भारतीय राज्यों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों के साथ क्रमशः दिनांक 23.07.2021 और दिनांक 30.07.2021 को यूनिसेफ की साझेदारी में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पीआईबी, बीओसी, डीडी और एआईआर के अधिकारियों और फील्ड पत्रकारों के लिए कोविड उपयुक्त व्यवहार पर संदेश को सुदृढ़ करने, वैक्सीन को प्रोत्साहित करने और सकारात्मक जमीनी कहानियों को उजागर करने के लिए **कार्यशाला सह विचार-विमर्श सत्र** आयोजित **किए** गए थे।

2. **आजादी का अमृत महोत्सव का स्मरणोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**

2.1 भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर **अमृत महोत्सव** को यादगार बनाने की एक नई पहल के संबंध में ***मन की बात*** के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को दूरदर्शन और आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर व्यापक रूप से कवर किया गया था।

2.2 **फिल्म** प्रभाग ने दिनांक 23.07.2021 और दिनांक 31.07.2021 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर **लोकमान्य तिलक की 165वीं जयंती** और **शहीद उधम सिंह की जयंती उनसे** संबंधित **बायोपिक्स की स्क्रीनिंग** करके **मनाई**। फिल्म प्रभाग ने प्रख्यात फिल्म निर्माताओं के जीवन और कार्यों पर एक विशिष्ट फिल्म समारोह **'मास्टर्स कॉस्टिलेशन' का आयोजन किया जिसमें** 9 से 11 जुलाई, 2021 तक इसके वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें **7945** ऑनलाइन दर्शक संख्या दर्ज की गई।

2.3 एनएमडब्ल्यू ने **भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों** को उनकी जन्म/पुण्यतिथि पर हैशटैग **#अमृतमहोत्सव** का उपयोग करते हुए व्यापक कवरेज प्रदान किया। मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद, बाल गंगाधर तिलक, बटुकेश्वर दत्त, अरुणा आसफ अली आदि से संबंधित **ग्राफिक्स और वीडियो** तैयार किए गए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए।

2.4 **52वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का 20वां संस्करण** हाइब्रिड फॉर्मेट में 20 से 28 नवंबर, 2021 तक गोवा में आयोजित किया जाएगा। **महान सिने कलाकार श्री सत्यजीत रे की जन्म शताब्दी** के अवसर पर 52वें आईएफएफआई में **विशेष रेट्रोस्पेक्टिव द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित** की जायेगी। सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए इस वर्ष स्थापित **"सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"** अब से प्रत्येक वर्ष आईएफएफआई में दिया जाएगा।

2.5 भारत ने **वर्चुअल 'इंडिया पेवेलियन'** के माध्यम से **74वें कान्स फिल्म समारोह** में भाग लिया, जो **महान फिल्म निर्माता श्री सत्यजीत रे की जन्म शताब्दी के उत्सव** पर केंद्रित था। कान्स वर्चुअल फिल्म मार्केट में 52वें आईएफएफआई पोस्टर और विनियम पुस्तिका का भी अनावरण किया गया। यह भी घोषणा की गई कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं के लिए फिल्म सुविधाकरण कार्यालय खोला है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी अनुमतियां एक ही बार में दी जाएं।

3. **कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ** (26.07.2021): डैगर युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए **भारत के माननीय राष्ट्रपति की बारामूला यात्रा** और कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को **माननीय प्रधानमंत्री की श्रद्धांजलि** को डीडी न्यूज और एनएसडीः एआईआर पर व्यापक रूप से कवर किया गया। डीडी न्यूज ने आधे घंटे की चर्चा आधारित कार्यक्रम *'दो टूक'* और प्राइम टाइम कार्यक्रम *'कारगिल के रक्षक' के* तहत **विशेष कार्यक्रम** *'जय जवान: कारगिल विजय दिवस पर जवानों को नमन'* का प्रसारण किया ।

4. **टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारतीय टीम की भागीदारी**

4.1 माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 09.07.2021 को टोक्यो-2020 में भारतीय टीम की सुविधा के लिए **तैयारियों की समीक्षा, 13.07.2021 को टोक्यो ओलंपिक जाने वाले भारतीय एथलीटों की टीम के साथ** उनकी **बातचीत** और ओलंपिक जाने वाले भारतीय एथलीटों का समर्थन करने के संबंध में **'विक्ट्री पंच कैंपेन'** और ***#चीयर फॉर इंडिया*** के माध्यम से ***मन की बात*** में उनके संबोधन को डीडी न्यूज और एनएसडी:एआईआर पर व्यापक रूप से कवर किया गया। इसमें निम्नलिखित सहित कई विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए गए:

i. **उद्घाटन समारोह** का सीधा प्रसारण किया गया और **दैनिक विशेष कार्यक्रम** अर्थात **'काउंटडाउन टू टोक्यो'**, **'टोक्यो 2020: द स्पिरिट ऑफ स्पोर्ट्स'**, **इंडिया@टोक्यो**, **#चीयरफॉरइंडिया**, **ओलंपिक हाइलाइट्स**, **खेल आजकल**, **स्पोर्ट्स 360°**, **ओलंपिक स्टेट ज़ोन** आदि का प्रसारण डीडी न्यूज, डीडी इंडिया और डीडी स्पोर्ट्स पर किया गया। टोक्यो रजत पदक विजेता **मीराबाई चानू** और भारतीय हॉकी कप्तान **मनप्रीत सिंह के** साथ **विशेष साक्षात्कार** डीडी न्यूज पर प्रसारित किए गए।

ii. डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग **#चीयरफॉरइंडिया** और **#ओलंपिक की आशा** को बढ़ावा दिया और **माईगॉव ओलंपिक प्रश्नोत्तरी** में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने वाले केंद्रित कथानक का प्रसारण किया।

iii. एनएसडी: एआईआर द्वारा **ओलंपिक विशेष श्रृंखला**, **ओलंपिक प्रश्नोत्तरी**, **दैनिक स्पोर्ट्स स्कैन**, **कर्टन रेज़र**, **चीयरफॉरइंडिया** अभियान, **विशेष साक्षात्कार**, विशेष चर्चा कार्यक्रम **'सुर्खियों में'**, **'स्पॉटलाइट'** आदि प्रसारित किए गए।

4.2 बीओसी द्वारा जुलाई, 2021 के **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के पाक्षिक संस्करण **'खेलेगा इंडिया खिलेगा इंडिया'** और 'वैद्योनारायणो हरि' के थीम पर 13 भाषाओं में मुद्रित किए गए और देश भर में वितरित किए गए। माईगॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण से 65.4 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए। पीआईबी द्वारा विशेषज्ञों के लिखे गए **02 विशेष लेख** कमीशन किए गए और समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए।

4.3 बीओसी ने गीतों, नारों, प्रश्नोत्तरी, वीडियो आदि के माध्यम से सोशल मीडिया पर भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन और उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक **व्यापक मीडिया अभियान**

चलाया। आरओबी/एफओबी ने प्रमुख स्थानों पर **#चीयरफॉरइंडिया के लिए सेल्फी बूथ** स्थापित किया। एनएमडब्ल्यू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर **#चीयरफॉरइंडिया के लिए ग्राफिक्स और वीडियो** तैयार और पोस्ट किए। बीओसी ने सुश्री मीराबाई चानू को रजत पदक जीतने के लिए बधाई देते हुए दिल्ली में विभिन्न सुविधाजनक स्थानों पर **होर्डिंग डिजाइन किए और प्रदर्शित** भी किए।

4.4 राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी) ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कमीशन किए गए ओलंपिक 2021 में भाग लेने वाले **41 एथलीटों / टीमों पर लघु फिल्मों का निर्माण** किया।

5. डीडी न्यूज और एनएसडी: एआईआर ने **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की पहली वर्षगांठ के अवसर पर** माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कई महत्वपूर्ण पहलों के शुभारंभ और शिक्षा समुदाय को उनके संबोधन को व्यापक कवरेज प्रदान किया। डीडी न्यूज पर **एक घंटे का विशेष कार्यक्रम *'इन फोकस'*** जिसमें एनईपी सहित विभिन्न समसामयिक मामलों के विषय शामिल हैं प्रसारित किया गया। एनईपी पर विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए **06 विशेष लेख** पीआईबी द्वारा कमीशन किए गए और देश भर के समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए।

6. फिल्म सुविधाकरण कार्यालय (एफएफओ), राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी) ने **अपना पहला न्यूज़लेटर 'भारत में फिल्म' लॉन्च किया,** जिसे एनएफडीसी सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से देश में सभी हितधारकों और विदेशों में साझा करने के लिए विदेश मंत्रालय के नोडल अधिकारियों के साथ ईमेल के माध्यम से प्रसारित किया गया। सबसे पहला जुलाई 2021 संस्करण भारत के सबसे अधिक फिल्म अनुकूल राज्यों, ऑनलाइन अनुमति प्रणाली और एफएफओ पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं और संसाधनों पर केंद्रित था। एफएफओ ने अपनी '**भारत में फिल्म'** पहल को बढ़ावा देने के लिए 6 से 15 जुलाई, 2021 तक आयोजित **मार्चे डू फिल्म 2021** में ऑनलाइन **कान्स फिल्म बाजार 2021** में भी भाग लिया।

7. **सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021**

7.1 मंत्रालय ने डिजिटल मीडिया के **1800** से अधिक **प्रकाशकों** को **पावती भेजी** है जिन्होंने नियम 18 के तहत जानकारी प्रस्तुत की है।

7.2 नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए **1400 हितधारकों** की प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ जुलाई, 2021 में **पांच (05) वेबिनार** आयोजित किए गए।

8. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 15.07.2021 को वाराणसी और 16.07.2021 को गुजरात में **विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, डिजिटल इंडिया के 6 साल** पूरे होने पर डिजिटल इंडिया के लाभार्थियों के साथ उनकी बातचीत, **अमेरिकी राज्य सचिव** श्री एंटनी ब्लिकंन के **साथ** उनकी **मुलाकात** और **विश्व युवा कौशल दिवस** कार्यक्रम में

उनके **संबोधन** को सीधा कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया। डीडी न्यूज ने **संसद के मानसून सत्र** को समर्पित कर्टेन रेजर *'संसद के समक्ष मुद्दे'* और *'संसद समाचार'* बुलेटिन और प्रश्नकाल, ग्राउंड रिपोर्टिंग आदि को सीधे प्रसारण के माध्यम से व्यापक रूप से कवर किया। डीडी न्यूज़ ने कैबिनेट फेरबदल के बाद केंद्रीय मंत्रियों के **शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण** किया और विशेष कार्यक्रमों अर्थात न्यूज़ नाइट, दो टूक, चर्चा में आदि *की शुरुआत की*।

9. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

- **52वें आईएफएफआई** ने **भारतीय पैनोरमा 2021** की प्रविष्टियों के आमंत्रण की घोषणा की है, जिसके तहत फिल्म कला के प्रचार के लिए समकालीन भारतीय फिल्मों में से सर्वश्रेष्ठ को चुना जाता हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 अगस्त, 2021 और ऑफलाइन 23 अगस्त, 2021 है।

- भारतीय राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएफएआई) ने 30.07.2021 को 1930 के दशक के अंत से लेकर 1950 के दशक के मध्य तक **प्रारंभिक तेलुगु सिनेमा के 450 से अधिक ग्लास स्लाइड्स का दुर्लभ खजाना हासिल** किया है । एनएफएआई को 06.07.2021 को अपने संग्रह में **राजकुमार हिरानी की फिल्म पीके (2014)** के **मूल कैमरा निगेटिव** का एक महत्वपूर्ण संकलन भी मिला है।

- भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआईआई) ने अपनी श्रृंखला ***'डायमंड जुबली, गोल्डन मेमोरीज' के*** तहत, **श्री बिमल रॉय को** एक ऑनलाइन श्रद्धांजलि **'स्मरणांजलि'** दी, जिसमें एक प्रख्यात पैनल ने उनके काम और भारतीय सिनेमा में उनके गहन योगदान पर चर्चा की।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):**
  - **तीन (03) सीआरएस** ने जुलाई, 2021 में परिचालन शुरू कर दिया है।
  - मंत्रालय ने **चार (04) अनुमति मंजूरी करार** का **नवीनीकरण** किया है ।
  - जुलाई, 2021 में **"भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान का समर्थन" स्कीम** के तहत उपकरणों की खरीद के लिए तीन सीआरएस को **कुल 17.13 लाख रुपये का अनुदान** जारी किया गया है।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 09 गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनलों और 01 समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनलों को अनुमति जारी की। **31.07.2021** को भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए निजी उपग्रह टीवी चैनलों की कुल संख्या **914** है।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई): 113 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 36 और धारा 14 के तहत 77) पर कार्रवाई की गई, धारा 13 के तहत **01 स्वत: संज्ञान मामला** दर्ज किया गया और **02 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की गईं।

- **सूचना और प्रसारण मंत्रालय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म:** 03.08.2021 की स्थिति के अनुसार सूचना और प्रसारण मंत्रालय के आधिकारिक अंग्रेजी ट्विटर हैंडल **@MIB_India** के **1.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं**, एमआईबी हिंदी ट्विटर हैंडल **@MIB_Hindi** के **73.1 हजार फॉलोअर्स** हैं, फेसबुक पेज के **1.36 मिलियन फॉलोअर्स** हैं, यूट्यूब के **179 हजार सब्सक्राइबर हैं** और इंस्टाग्राम के **202 हजार फॉलोअर्स हैं।**

(विक्रम सहाय)

संयुक्त सचिव, भारत सरकार

दूरभाष # 23073775